| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-1-A | 10 | 2 |
| Unit-1-B | 25 | 4.75 |
| Unit-1-C | 40 | 6.25 |
| Unit-2-A | 10 | 2.5 |
| Unit-2-B | 25 | 7.75 |
| Unit-2-C | 30 | 11.5 |
| Unit-3-A | 20 | 6 |
| Unit-3-B | 20 | 11.5 |
| Unit-3-C | 20 | 5.5 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 57.75 |
| Total Obt. Marks in Words | | Fifty Seven+ ¾ |

PART - I

Paper Code

**P-3**

72420

Medium of Exam

Hindi

Hindi ●

English ○

ıination of the candidate shall be
ndidate will be liable–
e. Name, Address, Roll Number,

ıe questions.
इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
ार्ते, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
पूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में
।

he number of pages) then bring it
iable for that.
दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

Ball Point Pen before answering.
Cover Sheet (OMR sheet).
ानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

ıg details have to be filled by the

ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

r marks are indicated in each unit

यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।
lish versions of the question, the

रूपान्तर मान्य होगा।
ıguage and script, unless directed

ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

should not write answer outside

से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

be deducted.

ाक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
n out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
कल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
ny other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
r if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her
le to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair**
s applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और
**की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों के तहत कार्यवाही की**
ने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or
ntire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का
ी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

# CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है) । कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है ।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें । कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं ।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है । ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं ।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें । बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा ।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं ।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा ।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

SPACE FOR ROUGH WORK

## PAPER-III : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 48**

**Unit – I** **(75 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. In the context of federal system, what are the provisions regarding Residuary matters in the Constitution of India ?
भारत के संविधान में संघीय व्यवस्था के संदर्भ में अवशिष्ट विषयों के लिए क्या प्रावधान है ?

→ भारतीय संविधान के भाग-11 के अनु. 248 में अवशिष्ट विषयों हेतु विधि निर्माण का अधिकार संसद (केंद्रीय विधायिका) को सौंपा गया है।

→ यह भारतीय संघीय व्यवस्था का सशक्त केंद्र युक्त संघात्मक व्यवस्था का लक्षण है।

1(One)
(Q.U1-A-1)

2. Regarding the Bharatiya Adivasi Party's performance in the Rajasthan Vidhan Sabha elections held in 2023, answer the following questions :
(a) Total seats contested by BAP
(b) Total seats won by BAP
(c) Percentage of valid votes secured by BAP
(d) Percentage of valid votes secured by BAP in seats contested by it

2023 में आयोजित राजस्थान विधान सभा चुनाव में, भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) के प्रदर्शन से संबंधित निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :
(a) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई कुल सीटें
(b) बी.ए.पी. द्वारा जीती गई कुल सीटें
(c) बी.ए.पी. द्वारा वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत
(d) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई सीटों पर वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत

(a) 6 सीट ✗ 0 (Zero) (Q.U1-A-2-a)
(b) बी.ए.पी. द्वारा जीती कुल सीटें = 3 ✓ 0.5(Zero½) (Q.U1-A-2-b)
(c) लगभग 1.5% ✗ 0 (Zero) (Q.U1-A-2-c)
(d) → लगभग 45% ✗ 0 (Zero) (Q.U1-A-2-d)

3. What is 'Global Stocktake (GST)' ?

'ग्लोबल स्टॉकटेक (जीएसटी)' क्या है ?

ग्लोबल स्टॉकटेक COP(Conference of Parties) (UNFCCC की) में जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु लिए गए निर्णय हैं। जिसके तहत COP-21 में लिए गए निर्णयों व राष्ट्रों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की स्थिति व उसमें और अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को जोड़े जाने से है।

0.5(Zero½)
(Q.U1-A-3)

4. Why the following persons were recently in the news ?
(i) Idashisha Nongrang
(ii) Alok Shukla

निम्नलिखित व्यक्ति हाल ही में समाचारों में क्यों थे ?
(i) इदाशिशा नोंगरांग
(ii) आलोक शुक्ला

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-i)
0 (Zero)
(Q.U1-A-4-ii)

5. Who are the Shompen tribe ? Why this tribe was recently in news ?

शोम्पेन जनजाति कौन हैं ? यह जनजाति हाल ही में समाचारों में क्यों थीं ?

"शोम्पेन जनजाति" एक नृजाति समूह है जो पूर्वोत्तर राज्यों से संबंधित है।

0 (Zero)
(Q.U1-A-5)

**Unit – I/Part – B** **Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

6. Explain the principle of 'Reasonable Classification' implied in Article 14 of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित 'युक्तियुक्त वर्गीकरण' के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए ।

अनु.14 विधि के समक्ष समता व विधि के समान संरक्षण का प्रावधान करता है। यदि कोई विधि समानता के सिद्धांत या समान संरक्षण का उल्लंघन करती है तो वह अवैधानिक होगी इस हेतु उस विधि की युक्तियुक्त समीक्षा की जा सकती है। विधि के समक्ष समानता 'कानूनी न्याय' से जुड़ी है वहीं विधि का समान संरक्षण समानता को बढ़ाने, सामाजिक न्याय व सकारात्मक कार्यवाही से जुड़ा सिद्धांत है।

'युक्तियुक्त वर्गीकरण' का सिद्धांत सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिया गया है यह मूल संविधान में शामिल नहीं है।

0 (Zero)
(Q.U1-B-6)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

7. In the context of people's movements, discuss the 'Non-Party Political Process' in India.

जन–आंदोलनों के संदर्भ में, भारत में 'गैर–दलीय राजनीतिक प्रक्रिया' का विवेचन कीजिए।

भारत में जन-आंदोलनों का नेतृत्व गैर-दलीय राजनीतिक प्रक्रिया व NGOs द्वारा नेतृत्व किया जाता है। जहाँ राजनीतिक दल सत्ता प्राप्ति हेतु लामबंदी करते हैं वहीं गैर-दलीय संगठन हितों की पूर्ति व अनुकूल नीति निर्माण हेतु दबाव समूह का कार्य करते हैं। अन्ना हजारे के लोकपाल हेतु जन आंदोलन, जयप्रकाश नारायण का संपूर्ण क्रांति का आंदोलन आदि भारत में गैर-दलीय राजनीतिक प्रक्रिया के उदा. हैं। 'जन आंदोलन' व्यवस्था में सुधार लाने, परिवर्तन, व सरकार पर दबाव बनाने का गैर राजनीतिक विकल्प बनकर उभरे हैं।

1.5(One½)
(Q.U1-B-7)

8. Mention the major 'subjects' given to urban local governance institutions under Article 243-W of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243–ब के अंतर्गत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को प्रदान किए गए मुख्य 'विषयों' का उल्लेख कीजिए।

अनु. 243-W के तहत अनुसूची-12 में नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को 18 विषय प्रदान किए गए हैं,

→ (1) नगरीय क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण
(2) जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना।
(3) नाले, सीवेज सिस्टम का निर्माण
(4) कोई पुलिया आदि निर्माण का कार्य
(5) शहरों में स्ट्रीट लाइट, सौंदर्यीकरण का कार्य
(6) आधारभूत स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता।
(7) शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन (8) प्रोपर्टी टैक्स लगाने की शक्ति
(9) शहरी भूमि पर नियंत्रण (10)

1.5(One½)
(Q.U1-B-8)

9. On what grounds the registration of Overseas Citizens of India (OCI) can be cancelled under the Citizenship Amendment Act, 2019 ? Against cancellation of citizenship, what rights do these citizens have ?
नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के अंतर्गत विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों का पंजीकरण किन आधारों पर रद्द किया जा सकता है ? नागरिकता रद्द होने के विरुद्ध, इन नागरिकों को क्या अधिकार प्राप्त हैं ?

(1) किसी अन्य विदेशी राज्य की नागरिकता ग्रहण करने पर (∵ भारत में एकल नागरिकता का प्रावधान है)
(2) भारत विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित होने पर
(3) अवैधानिक रूप से देश में प्रवास करने पर
(4) किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ने पर
→ नागरिकता रद्द होने के विरुद्ध प्राप्त अधिकार :- (1) भारतीय विदेश मंत्रालय से इस संबंध में कारण जानने (2) भारतीय न्यायालयों में अपील के माध्यम से अपना पक्ष रखने का अधिकार

1.75(One¾)
(Q.U1-B-9)

10. Write a note on India's performance at 77th Cannes film festival.
77वें कान फिल्म फेस्टिवल में भारत के प्रदर्शन पर एक टिप्पणी लिखिए।

77वें कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म अभिनेताओं व अभिनेत्रियों ने भाग लिया साथ ही भारतीय बॉलीवुड व दक्षिण की फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, भारतीय गानों, शॉर्ट फिल्मस, डॉक्यूमेंट्री को दिखाया गया।
→ उपर्युक्त कारकों से भारत की soft power अर्थात् भारत की संस्कृति का विदेशों में प्रचार हुआ। साथ ही भारतीय दृश्य-श्रव्य उद्योग हेतु विदेशों में मांग का निर्माण होगा।

×
0 (Zero)
(Q.U1-B-10)

Unit – I/Part – C

Marks : 40

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **100-100** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं।

11. Describe the Electoral process of members of Rajya Sabha.

राज्यसभा के सदस्यों की निर्वाचन-प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

→ राज्यसभा के सदस्यों का निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व मत प्रणाली के द्वारा होता है चूँकि राज्यसभा एक स्थायी सदन है अतः प्रति 2 वर्ष बाद इसके एक तिहाई सदस्यों का निर्वाचन किया जाता है।

→ राज्यसभा सदस्यों का अप्रत्यक्ष निर्वाचन (एक निर्वाचक मंडल) होता है।

→ सीटों की संख्या - अनुसूची-4 में प्रति राज्यवार राज्यसभा की सीटों का वर्णन है।

→ निर्वाचन - निर्वाचन केंद्रीय निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा करवाया जाता है। ~~भारतीय~~

→ निर्वाचक मंडल: R.S. सदस्यों के निर्वाचन हेतु राज्य विधानसभाओं के सदस्य (MLA) मतदान करते हैं।

→ आवश्यक मत: आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली पर आधारित होने के कारण → ∴ $\frac{\text{विधायकों की संख्या}}{\text{R.S. की रिक्त सीटें}} + 1$ मत आवश्यक

→ कुल सीटें: R.S. की 250 सीटों में से 12 मनोनीत होते हैं शेष सदस्य निर्वाचित होते हैं।

राज्यों की सीटें-

→ चूंकि राज्यसभा राज्यों का प्रतिनिधित्व करती है अतः इसमें लोकसभा सदस्यों की भूमिका नहीं है। भारत में राज्यसभा की सीटों में प्रादेशिक विभिन्नता (उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक-31, सिक्किम में 1) भारत में असममित संघवाद को दर्शाती है।

राज्यसभा सदस्यों का निर्वाचन STV द्वारा आनुपातिक मत प्रणाली द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से राज्य विधानसभाओं के सदस्यों के द्वारा चुनाव किया जाता है।

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

1.75(One¾)
(Q.U1-C-11)

12. Discuss the process of 'Secularisation of Caste' and its impact.

'जाति के सेकुलरीकरण' की प्रक्रिया और उसके प्रभावों की विवेचना कीजिए।

जाति के सेकुलरीकरण से तात्पर्य जाति के परंपरागत धार्मिक स्वरूप के कमजोर होने से है जिसके तहत जातियों में पवित्रता प्रदूषण, ऊँच-नीच का भाव कम हो रहा है व वे समावेशी समूहों में परिवर्तित हो रही है।

रजनी कोठारी इसकी व्याख्या 'जातियों के राजनीतिकरण' से करते हैं उनके अनुसार राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने हेतु जातियाँ दूसरी जातियों के साथ सहयोग कर बढ़ रही हैं इस प्रकार राजनीति जातियों के नकारात्मक पक्ष (विभाजनकारी) को परिवर्तित कर रही है।

जातियों में राजनीतिक सहयोग प्राप्त करने की होड़ के कारण उनका परंपरागत धार्मिक रूप कमजोर हुआ है और वे समान हितों के लिए बने वर्गों की भाँति व्यवहार करने लगी है।

प्रभाव- ① समाज में विभाजन का कमजोर होना।
② जाति आधारित भेदभाव व अस्पृश्यता की समाप्ति
③ जातियों का परंपरागत धर्म आधारित पवित्रता व प्रदूषण की भावना की समाप्ति ④ रजनी कोठारी के अनुसार इसके माध्यम से राजनीति के द्वारा समाज में समानता व सामाजिक सुधार का कार्य किया जा रहा है।
⑤ यह जाति व राजनीति के अंतःक्रिया का सकारात्मक परिणाम है
⑥ इसने जाति को धर्म से दूर आर्थिक हितों जैसे आरक्षण की माँग पर आधारित संघ बना दिया है ⑦ अब जातियाँ राजनीतिक व आर्थिक हितों हेतु दबाव समूह का कार्य करने लगी है
⑧ भारत में मंडल आयोग ने जातियों के सेकुलरीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

2(Two)
(Q.U1-C-12)

13. Identify the distinguishing features of the first phase of electoral politics (1952-1971) in Rajasthan.

राजस्थान में चुनावी राजनीति के प्रथम चरण (1952-1971) की मुख्य विशेषताओं को चिह्नित कीजिए।

1952 — 1954 — 1957 — 1962 — 1967 — 1971

1952-1954: राजनीतिक अस्थिरता का काल

1954-1971: सुखाड़िया काल

1967: प्रथम राष्ट्रपति शासन

1952-1954 इस चरण में राज. में मुख्यमंत्री का पद क्रमश: टीकाराम पालीवाल, जयनारायण व्यास व तत्पश्चात मोहनलाल सुखाड़िया को प्राप्त हुआ। यह कांग्रेस के भीतर आंतरिक गुटबाजी का चरण था।

विधायी स्थिति- 160 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस को 82 सीटें प्राप्त हुई, प्रजामंडल के प्रमुख नेता चुनाव हार गए। राम राज्य पार्टी प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरी।

1954-1967- यह काल कांग्रेस व सुखाड़िया जी के प्रभुत्व का काल था। जिसमें कांग्रेस को लगातार बहुमत प्राप्त हुआ।

- 1957 का चुनाव - कांग्रेस को बहुमत, राम राज्य पार्टी प्रमुख विपक्षी
- 1962 → स्वतंत्र पार्टी प्रमुख विपक्षी

1967-1971- इस काल में 1967 के चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं हुआ और राज. में प्रथम बार राष्ट्रपति शासन लागू हुआ। किंतु बाद में कांग्रेस की सरकार बनी।

1971 के राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व के साथ अनबन के कारण सुखाड़िया काल का अंत हुआ और बरकतुल्लाह खान मुख्यमंत्री बने।

इस प्रकार 1952-71 तक चुनावी राजनीति के प्रथम काल को सुखाड़िया काल के नाम से संबोधित किया जाता है।

1.5(One½)
(Q.U1-C-13)

14. There is a viewpoint that the foreign policy of India is in a dilemma, i.e., between joining the 'developed North' or leading the 'developing South'. Analyse this viewpoint with plausible arguments.

एक दृष्टिकोण है कि भारतीय विदेश नीति दुविधा में है, यथा भारत 'विकसित उत्तर' से जुड़े अथवा 'दक्षिण के विकासशील' देशों का नेतृत्व करे। उपर्युक्त कथन का विश्लेषण समुचित तर्कों के साथ कीजिए।


भारतीय विदेश नीति वैश्विक उत्तर के साथ जुड़ाव हेतु G7 जैसे संगठनों में इनकी बैठकों में भाग लेने में विश्वास रखती है. साथ ही विभिन्न यूरोपीय देशों, रूस, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय व बहुपक्षीय संगठनों का हिस्सा है। उदा. QUAD (भारत-जापान-ऑस्ट्रेलिया-USA)

भारत तकनीकी, वित्तीय आदि क्षेत्रों में विभिन्न विकसित राष्ट्रों के साथ समझौते कर रहा है।

साथ ही भारत Global South के साथ BRICS, ASEAN, BIMSTEC आदि संगठनों से जुड़ाव है व व्यापार हेतु बाजार, सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, अन्य हेतु विकासशील देशों के साथ मधुर संबंध रखता है।

भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन से लड़ने हेतु अंतरराष्ट्रीय सहायता, कोविड-वैक्सीन पहुँचाने, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा, [illegible] विकासशील देशों तक मानवीय सहायता पहुँचाने के क्रम में दक्षिण के विकासशील देशों का नेतृत्व किया है।

भारत द्वारा G20 सम्मेलन की दिल्ली घोषणा पत्र में अफ्रीकी संघ को G20 संगठन में शामिल करवाकर वैश्विक दक्षिण को नेतृत्व प्रदान किया है व उसके हितों को प्रमुखता से रखा है। इस प्रकार भारतीय विदेश नीति किसी दुविधा से दूर दोनों समूहों के साथ जुड़ी है व समावेशी विकास, वैश्विक शांति व पर्यावरण की रक्षा हेतु दोनों समूहों के मध्य समन्वय का काम कर रही है।




1(One)
(Q.U1-C-14)

**Unit – II** **(65 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

15. Write the name of any two H.Q. of Directorates or Executive Departments of State Government located in Ajmer.

अजमेर में स्थित राज्य सरकार के किन्हीं दो निदेशालयों या कार्यकारी विभागों के मुख्यालय के नाम लिखिए ।

(1) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड → अजमेर
(2) राजस्व न्यायालय → H.Q. अजमेर

×

0 (Zero)
(Q.U2-A-15)

16. What do you mean by sub-national government ?

उप-राष्ट्रीय सरकार से आप क्या समझते हैं ?

उप-राष्ट्रीय सरकार से तात्पर्य पारंपरिक वैधता हासिल सरकारें है। उदा. हरियाणा की खाप पंचायतों को उप-राष्ट्रीय सरकार कहा जाता है।

×

0 (Zero)
(Q.U2-A-16)

0.75(Zero¾)
(Q.U2-A-17)

17. What is the main concern of Corporate Governance ?

कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार क्या है ?

कॉरपोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार किसी व्यवसाय की नीतियों का संचालन इस प्रकार करना है कि सभी हितधारकों - शेयरधारक, ऋणदाताओं, ग्राहकों, सरकार - आमजनता, कर्मचारियों, समाज व पर्यावरण का अधिकतम हित हो सके। यह केवल लाभ केंद्रित व्यवसाय के बजाय नैतिक व कुशल व्यवसायों की स्थापना करना है।




18. Who is responsible to upload on the web portal of Rajya Sabha / Lok Sabha Secretariat the text version of answers to the questions asked in parliament ?

राज्यसभा/लोकसभा सचिवालय के वेब पोर्टल पर संसद में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के अंतिम स्वरूप को अपलोड करने हेतु कौन उत्तरदायी है ?

× 0 (Zero)
(Q.U2-A-18)

लोकसभा व राज्यसभा के सचिव वेब पोर्टल पर पूछे गए प्रश्नों के अंतिम स्वरूप को अपलोड करने हेतु उत्तरदायी है।

19. What is the main function of State Election Commission ?

राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्य कार्य क्या है ?

→ अनु. 243(K) व अनु. 243(ZA) के तहत गठित।

→ मुख्य कार्य : ① पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव करवाना

② नगरीय स्वायत्त संस्थाओं के चुनाव करवाना।

इस प्रकार SEC उपर्युक्त चुनावों से संबंधित मतदाता सूची निर्माण, चुनाव घोषणा, चुनाव करवाना, चुनाव परिणाम जारी करने का कार्य करता है।

1.75(One¾)
(Q.U2-A-19)

**Unit – II/Part – B** **Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in 50 words each. Each question carries 5 marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

20. Discuss the salient features of Change Management.

परिवर्तन प्रबंधन की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए ।

संगठन को बाह्य वातावरण में आए परिवर्तन के अनुकूल बनाने हेतु उसकी संरचना, प्रक्रिया व व्यवहार में परिवर्तन करना व इस परिवर्तन को दक्षतापूर्वक प्रबंधित करने को परिवर्तन का प्रबंधन कहते हैं।

संरचना - पदसोपानिक - ब्यूरो प्रकार की, संगठन के विभिन्न उप कार्यालय खोलना, संगठन का विस्तार अथवा संकुचन

→ प्रक्रिया → संगठन की सेवा प्रदान की विधि में परिवर्तन, जैसे ग्राहकोन्मुखी, परिणामोन्मुखी बनाना → व्यवहार → बहिर्मुखी व्यवहार।

→ परिवर्तन प्रबंधन हेतु संगठन में अप्रेरक व निरोधी कारकों की पहचान कर, उन्हें नियंत्रित कर संगठन की संरचना, प्रक्रिया व व्यवहार को परिवर्तित किया जाता है।

अनफ्रीज → मूव/चेंज → रिफ्रीज

कुर्ट लेविन : परिवर्तन प्रबंधन मॉडल

1.5(One½)
(Q.U2-B-20)

**Do Not Write Here**


यहाँ कुछ नहीं लिखें

1.25(One¼)
(Q.U2-B-21)

21. Analyse the concept of Legitimacy.

वैधता की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए।

वैधता की अवधारणा 'कानून' से जुड़ी हुई है यह शक्ति को सत्ता में परिवर्तित करती है।




इसको अर्थ 'स्वीकृति' से भी लगाया जा सकता है अर्थात- नागरिकों की किसी व्यक्ति की शक्ति को 'मान्यता' देना 'वैधता' से जुड़ा है। 'वैधता' की अवधारणा सामाजिक समझौते के सिद्धांत से भी जुड़ी हुई है। जिसका उद्देश्य सभी के हितों की रक्षा हेतु शक्तियाँ किसी एक संगठन को सौंपना है। इस प्रकार वैधता शक्ति को सत्ता में परिवर्तित करती है यह व्यक्ति को शक्ति के प्रयोग हेतु अधिकृत करती है।

22. What are Seven Deadly Sins propounded by Mahatma Gandhi and why they are important ?

महात्मा गाँधी द्वारा प्रतिपादित सात प्रमुख बुराइयाँ क्या हैं तथा वे क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

सात बुराइयाँ — महत्ता

(1) सिद्धांत विहीन राजनीति - वर्तमान में दल-बदल को रोकने, राजनीति का अपराधीकरण व भ्रष्टाचार को रोकने, जनसेवा का माध्यम बनाने हेतु
(2) नैतिकता के बिना वाणिज्य → निगमित शासन, C.S.R., गुणवत्तापूर्ण व्यापार व सेवा
(3) मानवता के बिना विज्ञान → विज्ञान के मानव हितैषी उपयोग - परमाणु निःशस्त्रीकरण
(4) चरित्र के बिना ज्ञान → नई शिक्षा नीति → शिक्षा का उद्देश्य - चरित्र निर्माण भी
(5) अंतरात्मा के बिना सुख - नैतिक मूल्यों के संवर्धन, भौतिकतावादी संस्कृति के विरुद्ध
(6) बलिदान के बिना पूजा → धर्म के वास्तविक स्वरूप - त्याग व परोपकार
(7) कार्य के बिना धन - भ्रष्टाचार को समाप्त, प्रशासन को लक्ष्योन्मुख परिणामोन्मुख बनाने हेतु

2.5(Two½)
(Q.U2-B-22)

23. Describe the duties of Chief Minister as mentioned in the Constitution of India & also underline the most important duty which makes him head of the Government.

भारत के संविधान में वर्णित मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए तथा उस प्रमुख कर्त्तव्य को रेखांकित कीजिए जो उसे शासन का मुखिया बनाता है।

संविधान के अनु.167 में मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों का उल्लेख है (राज्यपाल के संदर्भ में)

(1) राज्यपाल को राज्य के प्रशासन व विधायी प्रस्तावों के बारे में जानकारी दे

(2) राज्यपाल के मांगे जाने पर अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराये

(3) किसी विषय पर एक मंत्री ने विचार कर लिया है किंतु पूरी मंत्रिपरिषद से नहीं तो ऐसी स्थिति में राज्यपाल द्वारा अपेक्षा किए जाने पर उस विषय को मंत्रिपरिषद के समक्ष रखे।

अनु.163. राज्यपाल के सलाह व सहायता हेतु मंत्रिपरिषद होगी जिसका अध्यक्ष C.M. होगा। ,164 → राज्यपाल C.M. की सलाह पर अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करेगा। इस प्रकार अनु.163 व 164 के तहत मंत्रियों की नियुक्ति व राज्यपाल को सलाह का कार्य उसे राज्य के शासन का मुखिया बनाता है।

2(Two)
(Q.U2-B-23)

24. Evaluate the provisions made in Article-315 of Constitution of India for State Public Service Commission.

भारत के संविधान के अनुच्छेद-315 में राज्य लोक सेवा आयोग के सम्बन्ध में वर्णित प्रावधानों का मूल्यांकन कीजिए।

अनु.315 में राज्य लोक सेवा आयोग के गठन, अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति, कार्यकाल, पुनर्नियुक्ति के संदर्भ में प्रावधान है।

(1) अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति – राज्य के राज्यपाल द्वारा

(2) कार्यकाल – 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो)

(3) पुनर्नियुक्ति – राज्य या केंद्र सरकार के अधीन किसी पद के ग्रहण करने पर रोक, किंतु अध्यक्ष किसी अन्य राज्य के लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष, UPSC का अध्यक्ष व सदस्य बन सकता है सचिव – 2 UPSC सदस्य, अध्यक्ष, अन्य लोक सेवा आयोग व उस राज्य के लोक सेवा आयोग का भी अध्यक्ष बन सकता है।

0.5(Zero½)
(Q.U2-B-24)

## Unit – II/Part – C

Marks : 30

**Note :** Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **100-100** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं ।

25. Describe the formula of Graicunaz propounded for calculation of span of control and give mathematical solution of a situation when number of relations is 5.

नियंत्रण के क्षेत्र के सम्बन्ध में प्रतिपादित ग्रेकुनाज के फॉर्मूले का वर्णन कीजिए तथा यदि सम्बन्धों की संख्या 5 हो तो गणितीय हल कीजिए ।

ग्रेक्युनाज के अनुसार नियंत्रण का क्षेत्र उच्चाधिकारी के ध्यान का क्षेत्र है। यह अधीनस्थों को नियंत्रित नहीं बल्कि उनके परस्पर संबंधों को नियंत्रित करना है।

अधीनस्थों की संख्या समांतर श्रेणी से बढ़ने पर नियंत्रण का क्षेत्र गुणात्मक श्रेणी से बढ़ता है।

गणितीय फॉर्मूला - $S.O.C = (2^{n-1} + n - 1)n$

प्रत्यक्ष संबंध $= n$

प्रत्यक्ष समूह संबंध $= n(n-1)$

आड़े-तिरछे संबंध $= n(\frac{2^n}{2} - 1)$

$\Rightarrow n + n(n-1) + n(\frac{2^n}{2} - 1)$

$\Rightarrow n[1 + n - 1 + \frac{2^n}{2} - 1]$

$\Rightarrow n(n + 2^{n-1} - 1)$ — (1)

यदि संबंधों की संख्या = 5 है तो।

$n = 5$ का मान समी (1) अर्थात् ग्रेक्युनास फार्मूले में रखने पर -

$5(5 + 2^{5-1} - 1)$

5(Five)
(Q.U2-C-25)

$\Rightarrow 5(5+2^4-1)$

$\Rightarrow 5[5+16-1]$

$\Rightarrow 5[21-1] = 5\times20 = 100$

अतः संबंधों की संख्या 5 होने पर S.O.C. 100 होगा।

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

26. Critically analyse the forms and methods of judicial control in India.
भारत में न्यायिक नियंत्रण के रूप तथा प्रणालियों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

न्यायिक नियंत्रण - यह प्रशासन पर बाह्य नियंत्रण का उदाहरण है। कारण - न्याय की त्रुटि, विधि की त्रुटि, क्षेत्राधिकार का उल्लंघन, शक्तियों का दुरुपयोग, नागरिकों के अधिकारों का हनन

न्यायिक नियंत्रण के रूप व प्रणाली - ① रिट अधिकारिता द्वारा (अनु. 32 व 226)
इसके तहत S.C. मूल अधिकारों के उल्लंघन व H.C. अन्य विधि के अधिकारों के उल्लंघन पर भी अनु. 226 के तहत रिट जारी कर सकती है
जारी रिट - (1) परमादेश - किसी प्रशासनिक अधि. को संस्था द्वारा कोई कार्य न करने पर सक्रिय करने हेतु जारी रिट।
(2) उत्प्रेषण - अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा विधि की त्रुटि पर
(3) प्रतिषेध - अधी. न्यायालयों द्वारा क्षेत्राधिकार का उल्लंघन व प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध
(4) बंदीप्रत्यक्षीकरण - अवैधानिक हिरासत में लिए गए व्यक्ति
(5) अधिकार पृच्छा - सार्वजनिक पद धारण करने वाले व्यक्ति की योग्यता की जाँच करने हेतु, locus standi नहीं।

→ अन्य माध्यम - ① जनहित याचिका → locus standi के सिद्धांत को विराम देते हुए किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ~~प्रेषित~~ की गयी याचिका पर सुनवाई। (2) न्यायिक समीक्षा - अध्यादेश, प्रशासनिक आदेश की वैधानिकता व संवैधानिकता की जाँच
(3) सरकार के विरुद्ध मुकदमे - अनु. 300 के तहत (4) प्रशा. अधि. के विरुद्ध मुकदमे
→ उपर्युक्त नियंत्रण द्वारा प्रशासन की जवाबदेहिता सुनिश्चित की जाती है किंतु यह प्रशासन पर बाह्य नियंत्रण होने के कारण इतना प्रभावी नहीं है और न्यायालयों में पेंडेंसी के कारण भी इसकी प्रभाविता कम होजाती है।

3.25(Three¼)
(Q.U2-C-26)

27. Discuss the main points of the conflict between Generalists v/s Specialists. Also mention the recommendations given by First ARC in this regard.
सामान्यज्ञों बनाम विशेषज्ञों के मध्य टकराव के प्रमुख बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। साथ ही इस क्रम में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों का वर्णन कीजिए।

सामान्यज्ञ व विशेषज्ञों के मध्य टकराव हेतु प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग (मोरारजी देसाई, 1966) ने निम्न कारण बताए-
(1) मनोवैज्ञानिक कारण - विशेषज्ञों को सामान्यज्ञों के पदनाम → 'सचिव' आकर्षक लगते हैं, सामान्यज्ञों की राजनीतिक कार्यपालिका से निकटता।
(2) वास्तविक कारण - (i) सामान्यज्ञों की उच्चतर पद स्थिति
ii) सामान्यज्ञों की बेहतर सेवा शर्तें व अधिक वेतन
iii) नीति निर्माण में सामान्यज्ञों का प्रभुत्व
iv) निदेशालयों में सामान्यज्ञों की विशेषज्ञों पर अधीक्षण
v) नीति निर्माण में विशेषज्ञों से इनपुट न लेना
vi) विशेषज्ञों की अतार्किक नीति को लागू करने की बाध्यता

उपर्युक्त कारणों से होने वाले टकराव को रोकने हेतु 1st ARC द्वारा की गयी सिफारिशें-
(1) मनोवैज्ञानिक कारणों के समाधान हेतु मनोवैज्ञानिक विधि का ही प्रयोग किया जाना चाहिए इस हेतु सामान्यज्ञों के पदनाम में भी 'सचिव' शब्द जोड़ा जाना चाहिए।
(2) निदेशालय व सचिवालय का कार्यालय संयुक्त होना चाहिए तथा अन्य बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाए।
(3) नीति निर्माण में विशेषज्ञों की भूमिका को बढ़ाना।
(4) विशेषज्ञों की सेवा शर्तों व पदोन्नति की संभावनाओं को बढ़ाना। (5) विशेषज्ञों व सामान्यज्ञों की निर्णयन में संयुक्त भूमिका
इस प्रकार विशेषज्ञों व सामान्यज्ञों में संघर्ष को कम करके उन्हें दोनों के साझा लक्ष्य जनकल्याण हेतु प्रेरित करना चाहिए।

3.25 (Three¼)
(Q.02-C-27)

## Unit – III (Section – A) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

28. Enlist the major achievements of the flag bearer from India in Paris Olympics 2024 opening ceremony.

पेरिस ओलम्पिक 2024 के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक की प्रमुख उपलब्धियों को सूचीबद्ध करें।

भारत के ध्वजवाहक - नीरज चोपड़ा

उपलब्धियां - टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता

→ मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेता

→ वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन खेलों में भी स्वर्ण

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-28)


29. Write the number of total 'Khelo India' centres in India with special reference to Rajasthan State with Sports discipline.

राजस्थान राज्य में संचालित खेलों के नाम सहित भारत में कुल 'खेलो इंडिया' केंद्रों की संख्या लिखें।

राज्य में संचालित खेल -

(1) कबड्डी
(2) शूटिंग
(3) बास्केटबॉल
(4) फुटबॉल
(5) वॉलीबॉल
(6) ताइक्वांडो
(7) जूडो

खेलो इंडिया केंद्र -




0.75(Zero¾)
(Q.U3-A-A-29)

30. Which father and daughter duo from Rajasthan holds pride to receive Arjun award and in which game ?

राजस्थान राज्य की पिता पुत्री की किस जोड़ी को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं वह किस खेल से संबंधित हैं ?

① पिता-पुत्री की जोड़ी ~~तीरंदाजी~~ निशानेबाजी खेल से संबंधित है

② पिता - कृष्णा सिंह

1(One)
(Q.U3-A-A-30)

31. Enlist the major achievement of Rajasthan State's Divyakrati Singh in Sports.

राजस्थान राज्य की दिव्यकृति सिंह की खेलों में प्रमुख उपलब्धियाँ सूचीबद्ध कीजिए।

दिव्यकृति सिंह ~~घुड़सवारी~~ घुड़सवारी ड्रेसाज स्पर्धा की खिलाड़ी है।

इनकी उपलब्धियाँ - ① एशियन गेम्स-2023 में घुड़सवारी ड्रेसाज टीम स्पर्धा में 'स्वर्णपदक' की विजेता

② हाल ही में इन्हें 'अर्जुन अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

1.5(One½)
(Q.U3-A-A-31)

32. Define and write difference between sprain and strain.

मोच व खिंचाव को परिभाषित करते हुए इसके परस्पर अंतर को लिखिए।

(उत्तर) परिभाषा

मोच- यह हड्डियों को आपस में जोड़ने वाले लिगामेंट्स की चोट है जो कि अचानक मुड़ने या दबाव पड़ने पर लगती है।

खिंचाव- यह भी कठोर ऊतकों की चोट है जो मांसपेशियों व हड्डियों को जोड़ने के स्थान पर लगती है।

(परिभाषा अंतर) मोच व खिंचाव → कठोर ऊतकों की चोट → एक मोच हड्डियों को आपस में जोड़ने वाले भाग जबकि खिंचाव मांसपेशियों व हड्डियों को जोड़ने वाले भाग पर लगती है।

0.75(Zero¾)
(Q.U3-A-A-32)

**Unit – III (Section – A)** **Marks : 10**
**Part – B**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

33. Write name of any ten verticals of "Khelo India" Scheme.
"खेलो इंडिया" योजना के किन्हीं दस कार्यक्षेत्रों के नाम लिखिए ।

खेलो इंडिया के कार्यक्षेत्र
(1) देश में खेल अवसंरचनाओं का विकास
(2) खेल प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से प्रतिभाशील खिलाड़ियों की पहचान
(3) प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन व सम्मान
(4) राज्यों के मध्य प्रतिस्पर्धी वातावरण
(5) यूनिवर्सिटियों में खेल वातावरण का निर्माण
(6) आमजन का खेलों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव
(7) खिलाड़ियों को प्रशिक्षण व वैज्ञानिक उपकरण उपलब्ध कराना
(8) ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप हेतु खिलाड़ियों को तराशना)

1.5(One½)
(Q.U3-A-B-33)

34. "Janmoshadhi mantratapah Samadhija Siddhaya" is originated from which couplet of Yogsutra ? Elaborate the content included in it.
"जन्मौषधि मंत्रतपः समाधिजाः सिद्धयः" का उद्‌भव योगसूत्र के किस पद से है ? इसमें प्रयुक्त अवयवों की विवेचना कीजिए ।

आरोग्य, मंत्र, तप व समाधि, सिद्धि आदि की प्राप्ति ।
जन्मौषधि - योग शारीरिक व मानसिक बीमारियों का विनाश करता है
समाधि - योग की अंतिम अवस्था समाधि की है जिसमें ध्येय व ध्याता पूर्णतः एकाकार हो जाते हैं
सिद्धि - किसी कार्य में कुशलता व प्रवीणता हासिल करना

0.5(Zero½)
(Q.U3-A-B-34)

## Unit – III (Section – B)

(20 Marks)

### Part – A

Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

35. What kind of competencies are identified as facets of Intelligence in the Indian tradition ?

भारतीय परम्परा में बुद्धि के पक्ष (पहलू) के रूप में पहचानी गई क्षमताओं के प्रकार कौन से हैं ?

भारतीय परंपरा में 'समाकलित बुद्धि' की अवधारणा प्रचलित है जिसके अंतर्गत ① सामाजिक बुद्धि/क्षमता → समाज से जुड़ाव व सहयोग की प्रवृत्ति
② उद्यमिता क्षमता → धनार्जन, पैत्रक विकास की क्षमता
③ संज्ञानात्मक क्षमता → तर्क करने, निर्णयन की क्षमता, याद करने की
④ आध्यात्मिक क्षमता → मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण, प्रकृति से जुड़ना
→ आत्मज्ञान, अमूर्त चिंतन की क्षमता।

1.5(One½)
(Q.U3-B-A-35)

36. Define Intelligence as proposed by David Wechsler.

डेविड वेश्लर द्वारा प्रतिपादित बुद्धि को परिभाषित कीजिए।

वेश्लर के अनुसार बुद्धि से आशय सविवेकपूर्ण चिंतन करने, सोद्देश्यपूर्ण व्यवहार करने व अपने परिवेश/पर्यावरण को जानने के संदर्भ में योग्यता से है।

क्षमता → पर्यावरण को जानने की
→ विवेकपूर्ण चिंतन की
→ सोद्देश्य पूर्ण व्यवहार की

0.5(Zero½)
(Q.U3-B-A-36)

37. Write any two characteristics of analytical style of learning.

अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिये ।

(अ) अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली एंटविसल द्वारा दी गई | मॉडल के अंतर्गत (अ) व्यक्ति ~~धुलनक मौलिक रूप से प्रस्तुत विचारों~~ हेतु


① व्यक्ति संरचनात्मक व अनुक्रमिक चिंतन प्रदर्शित करता है

② मूर्त विचारों हेतु अच्छी स्मृति रखता है व अनुदेशन कार्यों में भी लगा रहता है, दूसरों के विचारों से प्रभावित नहीं होता है|

1.25(One¼) (Q.U3-B-A-37)

38. Explain Sensory Memory.

संवेदी स्मृति को समझाइये ।





संवेदी स्मृति- स्मृति की प्रथम अवस्था है जिसमें हमारी इंद्रियों के अनुभवों → स्पर्श, दृश्य आदि की सूचनाएं संगृहीत होती है| इसकी भंडारण क्षमता- अधिक किंतु भंडारण अवधि अत्यंत कम (<1sec) होती है|

1.5(One½) (Q.U3-B-A-38)

39. Explain Forgetting due to trace decay.

चिह्न ह्रास के कारण हुये विस्मरण को समझाइये ।

एबिंगहॉस के अनुसार प्रत्येक सूचना के भंडारण हेतु स्मृति चिह्नों का निर्माण होता है समय के साथ व उपयोग के अभाव में ये स्मृति चिह्न धुंधले हो जाते हैं व चिह्न ह्रास के कारण विस्मरण हो जाता है|




1.25(One¼) (Q.U3-B-A-39)

## Unit – III (Section – B)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

40. Explain type A and type B personality as suggested by Friedman & Rosenman.

फ्रीडमैन एवं रोजेनमैन द्वारा सुझाये गये टाइप A और टाइप B व्यक्तित्व को समझाइये।

Type-A - ये व्यक्ति अत्यंत उच्च अभिप्रेरित, समयाभाव अनुभव करने वाले, सदैव जल्दी में रहने वाले होते है।
जोखिम - इनमें कोरोनरी हार्ट डिजीज व उच्च रक्तचाप संबंधी बिमारियों का खतरा होता है।

Type-B - ये Type-A से विपरीत व्यक्तित्व के होते हैं ये धैर्यशील, धीमे कार्य करने वाले, व्यवस्थित होते हैं। ये समयाभाव महसूस नहीं करते बल्कि पर्याप्त समय रखते हैं।
इनमें CHD (Coronary Heart disease), High B.P जैसे रोगों की संभावना कम होती है।

फ्रीडमैन व रोजनमैन ने यह वर्गीकरण मनो-सामाजिक जोखिम कारकों के आधार पर प्रस्तुत किया है।

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

3.5(Three½)
(Q.U3-B-B-40)

41. Distinguish between emotion focussed and problem focussed coping strategies to reduce stress.

तनाव को कम करने हेतु अपनाई जाने वाली संवेग केन्द्रित एवं समस्या केन्द्रित समायोजनात्मक रणनीतियों के मध्य अन्तर कीजिए ।

तनाव को कम करने हेतु लैजारस व फोकमेन द्वारा संवेग केंद्रित व समस्या केंद्रित रणनीतियों का विचार दिया गया।

(1) संवेग केंद्रित - इसमें तनाव कम करने हेतु अपने संवेग में परिवर्तन करता है अर्थात वह अपनी मनःस्थिति में तनाव कारक के प्रति गंभीरता अथवा दृष्टिकोण में परिवर्तन करता है, समस्या से ध्यान हटाने का प्रयास करता है। उदा 'A piece of paper cannot decide my future'

(2) समस्या केंद्रित - व्यक्ति तनाव कारक परिस्थिति से लड़ने हेतु तैयार होता है इस हेतु वह योजना निर्माण, समय प्रबंधन, संसाधनों को एकत्र करता है। उदा. परीक्षा की तैयारी हेतु योजना बनाना, नोट्स बनाना, समय-सारणी निर्माण करना आदि)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

2(Two)
(Q.U3-B-B-41)

## Unit – III (Section – C) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

42. The government of India received information in confidence from a foreign Government. Can it be asked under the R.T.I. Act, 2005 ?

भारत सरकार को किसी विदेशी सरकार से गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त हुई। क्या सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत ऐसी सूचना की माँग की जा सकती है ?

RTI के तहत विदेशी राज्यों से विश्वास में प्राप्त की गयी गोपनीय सूचना प्राप्त नहीं की जा सकती। यह सूचना के अधिकार में शामिल नहीं है।

0.75(Zero¾)
(Q.U3-C-A-42)

43. What do you mean by the term 'private area' mentioned under the Information Technology Act, 2000 ?

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत उल्लेखित 'एकान्त भाग' पद से आप क्या समझते हैं ?

'एकांत भाग' से तात्पर्य किसी व्यक्ति के निजता के अधिकार से है इसके तहत किसी व्यक्ति की निजी तस्वीरें इंटरनेट पर प्रसारित नहीं की जा सकती है।
IT अधि. 2000 की धारा-66(E) में किसी की निजी तस्वीरें प्रकाशित करने पर दंड का प्रावधान है।

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-A-43)

44. State the subject matter of copyright.

प्रतिलिप्यधिकार की विषय–वस्तु बताएँ ।

Copyright अधि. 1999 के अनुसार कॉपीराइट के अंतर्गत किसी लेखक या रचनाकार द्वारा की गयी कोई भी रचना (दृश्य या श्रव्य/लिखित) शामिल है। कॉपीराइट पूरे जीवन भर के लिए उसके रचनाकार को दिया जाता है।

उदा. 'कोई दीवाना कहता है' कविता पर कुमार विश्वास का कॉपीराइट किसी फिल्म पर उसके प्रोड्यूसर/डायरेक्टर का कॉपीराइट

0.25(Zero¼) (Q.U3-C-A-44)

45. What includes 'Children' under the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007 ?

माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत 'बच्चों' में क्या सम्मिलित है ?

अधि. की धारा (2) के तहत बच्चों में पुत्र, पुत्री, पौत्र, पौत्री चाहे वे जैविक हो, दत्तक या सौतेले शामिल हैं किंतु इसमें कोई अवयस्क शामिल नहीं है।

[संशोधित अधि. (प्रस्तावित) में इसमें पुत्रवधू, दामाद को भी शामिल किया जाता है]

1.25(One¼) (Q.U3-C-A-45)

46. What are included under the term "Sexual abuse" in the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 ?

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत "लैंगिक दुर्व्यवहार" पद के अन्तर्गत क्या सम्मिलित किया गया है ?

लैंगिक दुर्व्यवहार - यौन प्रकृति का ऐसा व्यवहार जिससे महिला को घृणा उत्पन्न हो या अप्राकृतिक संबंध बनाना, अधिनियम की धारा '2' के तहत लैंगिक दुर्व्यवहार के अंतर्गत आता है।

0.75(Zero¾) (Q.U3-C-A-46)

## Unit – III (Section – C)

### Part – B

**Marks : 10**


**Note :**—Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं।

47. What is the legal status of a Hindu Idol ?

एक हिन्दू देवता (मूर्ति) की वैधानिक स्थिति क्या है ?

व्यक्तित्व - वह जिसे विधि अधिकार प्रदान करती है व जिस पर कर्तव्य आरोपित करती है।




→ प्राकृतिक व्यक्तित्व से तात्पर्य जीवित मनुष्यों से है।

→ चूँकि एक हिंदू देवता की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की जाती है एवं विधि उसे कुछ अधिकार प्रदान करती है व हिंदू देवता (मूर्ति) अपने नाम पर भूमि धारण कर सकता है, कोई संपत्ति रख सकता है अतः हिंदू देवता की ~~प्राकृ~~ वैधानिक स्थिति प्राकृतिक व्यक्तित्व की है।

?

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-B-47)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

48. What do you understand by the term "Sayar" under the Rajasthan Tenancy Act, 1955 ?

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत "सायर" पद से आप क्या समझते हैं ?

राज. काश्तकारी अधि. की धारा 5 के तहत 'सायर' से तात्पर्य उस भुगतान से है जो नकद या जिंस रूप में किसी 1 अनधिवासित भूमि से लकड़ी, ईंधन, चारा, बाल-फूस, पशुओं की हड्डियाँ, पत्तियाँ, सूखी टहनियाँ, गोबर (उपले), फल-फूल आदि इकट्ठा करने के बदले में किया जाता है। कमल फूल, सिंघाड़े (तालाब आदि की भूमि से)

अतः 'सायर' उपर्युक्त उद्देश्यों हेतु चुकायी गयी धनराशि या भुगतान है।

1.5(One½)

(Q.U3-C-B-48)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

79
00
01

$2^{n-1}+n-1$

$n[2^{n-1}+n-1]$

$5[2^4+5-1]$

$5[16+5-1]$

$20\times5$

245
12
233

$n$

$n(n-1)$

$2^n(2^n-1)$

$n$

$(2^n-1)$

$n[n-1+2^n-1]$

$2^{n-1}+n-1$

$n[1+n-1+2^{n-1}-1]$

$2^{n-1}+n-1$

MLA

$n^2-n$

doo 1011 $2^n-$